तेरा साथ है तो मुझे क्या कमी है,
मेरी जिंदगी में तू ही रौशनी है,
तेरा साथ हैं तो,
सुखी है जो जीवन ये रहमत तेरी है,
मेरी धड़कनो में ये सांसे तेरी है।।

तर्ज तेरा साथ है तो।

मुझको कैसे सताए जमाना,
चले साथ हरदम मेरे तू कान्हा,
मेरे हर गमो को है तुमने ही टाला,
बाबुल सा बनके मुझे तुमने पाला,
तेरा साथ है तो मुझे क्या कमी है,
मेरी जिंदगी में तू ही रौशनी है।।

गीत ये जीवन सरगम तू बाबा,
कोई हो न हो संग तू हरदम है बाबा,
गलत रास्ते से सदा तू बचाता,
ये दुनिया है क्या बनके आँखे दिखाता,
तेरा साथ है तो मुझे क्या कमी है,
मेरी जिंदगी में तू ही रौशनी है।।

जिक्र ना करता तू फिक्र करके,
भीड़ में भी देखे मुझे आगे बढ़के,

किस्मत मेरी तो ये सबसे धनि है,
तेरे हाथो से ये सांवरे बनी है,
तेरा साथ हैं तों मुझे क्या कमी है,
मेरी जिंदगी में तू ही रौशनी है।।

तुझपे भरोसा है खुद से ज्यादा,
निभाता है तू जो किया तुमने वादा,
तेरी रोशिनी है तो देखूं नज़ारे,
निर्मल ये चलता है तेरे सहारे,
तेरा साथ हैं तों मुझे क्या कमी है,
मेरी जिंदगी में तू ही रौशनी है।।

तेरा साथ है तो मुझे क्या कमी है,
मेरी जिंदगी में तू ही रौशनी है,
तेरा साथ हैं तो,
सुखी है जो जीवन ये रहमत तेरी है,
मेरी धड़कनो में ये सांसे तेरी है।।

Source:
https://www.bharattemples.com/tera-sath-hai-to-mujhe-kya-kami-hai-bhajan/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw